विषय- 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' और 'हिंदी दिवस'

दिनांक - 14/09/2021

श्री गुरु नानक देव खालसा कॉलेज ने हिंदी एवं हिंदी पत्रकारिता विभाग के 'हिंदी साहित्य सभा' 'मंथन' ने 13-14 सितंबर, 2021 को हिंदी दिवस के अवसर पर दो-दिवसीय अंतर महाविद्यालयीन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' और 'हिंदी दिवस' का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता का प्रथम चरण 13 सितंबर, 2021 को गूगल फार्म के द्वारा सम्पन्न किया गया और दूसरा चरण 14 सितंबर 2021 को गूगल मीट पर आयोजित किया गया।

14 सितंबर, 2021 को प्रतियोगिता का प्रारंभ विभाग प्रभारी डॉ. अंजु बाला के द्वारा किया गया। 'मंथन' के संयोजक महेन्द्र प्रताप सिंह ने निर्णायक मंडल का परिचय देते हुए स्वागत वक्तव्य दिया तथा विभाग प्रभारी डॉ. अंजु के द्वारा निर्णायक मंडल का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन का कार्य हिमांशु शर्मा और भावना अवस्थी ने किया तथा प्रतियोगिता के दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए प्रतियोगिता की शुरूआत की। प्रतियोगिता में देश-भर से प्रतिभागियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता दो चरणों में कराई गई। प्रतियोगिता में 'सवाल-जवाब', 'चित्रपट' और 'आवाज़ पहचानों' जैसे पड़ाव रखे गए । प्रतियोगिता के विभिन्न पड़ाव पर उपस्थित सदस्यों ने अपनी कविताओं के माध्यम से कार्यक्रम को रोचक बनाए रखा। कार्यक्रम में विभाग के सभी प्राध्यापाकों की मौजूदगी रही|

निर्णायक मंडल ने हिंदी के महत्त्व को बताते हुए उसे अधिक से अधिक प्रयोग में लाने पर जोर दिया । उन्होंने बताया की हिंदी ही एक मात्र ऐसी भाषा है, जिसे सबसे अधिक बोला, लिखा व पढ़ा जाता है। हिन्दी भाषा के शब्द ही नहीं बल्कि इसके भाव भी दिल को छूते हैं।

कार्यक्रम के अंत में निर्णायक मंडल द्वारा प्रतिभागियों को अपनी गलतियों से सीख लेकर निरंतर आगे बढ़ते रहने की बात कही गई |कार्यक्रम के अंत में विभाग प्रभारी डॉ. अंजु जी ने सभी का आभार तथा धन्यवाद ज्ञापन किया।